भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6438

02 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिये जाने के लिए

कर्नाटक और असम में पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 की स्थिति

†6438. श्रीमती बिजुली कलिता मेधीः

श्री पी. सी. मोहनः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) असम और बेंगलुरु सहित कर्नाटक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत 'सभी के लिए आवास' के कार्यान्वयन की जिला-वार वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक के दौरान असम और बेंगलुरु सहित कर्नाटक में पीएमएवाई-यू के अंतर्गत स्वीकृत, निर्मित और सौंपे गए मकानों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) अगले तीन वर्षों के दौरान असम और बेंगलुरु सहित कर्नाटक में पीएमएवाई-यू 2.0 के अंतर्गत आवासीय इकाइयों की स्वीकृति और निर्माण के लिए निर्धारित लक्ष्यों का जिला-बार ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या शहरी केंद्रों में पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन में किसी कमी को चिह्नित किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और असम तथा बेंगलुरु सहित कर्नाटक में वितरण, लाभार्थी की पहचान और मकानों को समय पर पूरा करने में सुधार हेतु पीएमएवाई-यू 2.0 में शामिल किए गए उपचारात्मक उपायों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) से (घ) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) **25.06.2015** से प्रधान मंत्री आवास योजना - शहरी (पीएमएवाई-यू) का कार्यान्वयन कर रहा है**,** जिसका उद्देश्य असम और कर्नाटक राज्य सहित देश भर में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं वाले सभी मौसमों में रहने योग्य पक्के आवास प्रदान करना है। निर्माणाधीन आवासों को पूरा करने और

एसएनए-स्पर्श मॉड्यूल के माध्यम से निधियाँ जारी करने के लिए पीएमएवाई-यू की योजना अवधि को 30 सितंबर 2026 तक बढ़ा दिया गया है। पीएमएवाई-यू के कार्यान्वयन के अनुभवों से मिली सीख के आधार पर, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने इस योजना को नया रूप दिया है और अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ अतिरिक्त पात्र लाभार्थियों की सहायता करने के लिए असम और कर्नाटक राज्यों सहित देश भर के शहरी क्षेत्रों में कार्यान्वयन के लिए 01.09.2024 से पीएमएवाई-यू 2.0 'सभी के लिए आवास' मिशन शुरू किया है। यह योजना चार घटकों अर्थात लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी), साझेदारी में किफायती आवास (एएचपी), किफायती किराया आवास (एआरएच) और ब्याज सब्सिडी योजना (आईएसएस) के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है।

पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 मांग आधारित योजनाएं हैं और इनका कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) अपने संबंधित क्षेत्राधिकारों में अपने शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी)/कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से आवश्यकता का आकलन करते हैं, पात्रता मानदंडों के आधार पर लाभार्थियों का चयन करते हैं और आवास परियोजना को कार्यान्वित करते हैं। मांग सर्वेक्षण और लाभार्थियों के चयन के आधार पर परियोजना प्रस्ताव तैयार किए जाते हैं और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) द्वारा अनुमोदित किए जाते हैं ताकि केन्द्रीय स्वीकृति एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) द्वारा केन्द्रीय सहायता जारी करने पर आगे विचार किया जा सके।

मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बाकी निर्माणाधीन आवास तय अवधि के भीतर पूरे हो जाएं। यह देखा गया है कि कार्यान्वयन एजेंसियों के समक्ष आने वाली प्रमुख चुनौतियों में ऋणभार मुक्त भूमि की अनुपलब्धता, लाभार्थियों की अनिच्छा, कुशल जनशक्ति की कमी, कार्यान्वयन एजेंसियों की वित्तीय बाधा, ट्रंक इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित मुद्दे, निर्माण सामग्री की लागत में वृद्धि, सांविधिक स्वीकृति/अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने में विलंब और अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण उत्पन्न व्यवधान शामिल हैं।

असम और बेंगलुरु सहित कर्नाटक राज्यों में, पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत शुरूआत से 02.03.2026 तक स्वीकृत, शुरू किये गए और पूर्ण/सौंपे गए आवासों का जिला-वार विवरण तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत और पूर्ण/ सौंपे गए आवासों का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

दिनांक 02.04.2026 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 6438 के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

असम और कर्नाटक राज्यों में, पीएमएवाई-यू और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत शुरूआत से स्वीकृत, शुरू किये गए और पूर्ण/सौंपे गए तथा पिछले तीन वर्षों के दौरान स्वीकृत और पूर्ण/ सौंपे गए आवासों का आवासों का जिला-वार विवरण

क्र. सं.	जिले का नाम	आवासों की भौतिक प्रगति (सं)									
		शुरूआत से				पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान (वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 तक)					
		स्वीकृत		शुरू किये गए	पूर्ण/सौंपे गए	स्वीकृत			पूर्ण/सौंपे गए *		
		पीएमएवाई-यू	पीएमएवाई-यू 2.0			2022-23	2023-24	2024-25	2022-23	2023-24	2024-25
	असम										
1	बजाली	867	144	872	463	-	-	-	156	33	10
2	बक्सा	1,670	-	1,670	1,185	28	-	-	333	94	113
3	बारपेटा	7,789	311	8,005	7,420	357	-	-	2,776	1,412	1,088
4	बिश्वनाथ	2,369	150	2,471	1,920	443	224	-	188	89	338
5	बोंगाईगांव	2,165	104	2,206	1,855	271	267	-	295	519	167
6	कछार	13,702	3	13,699	12,320	266	2,143	-	2,346	2,014	2,848
7	चराइदेव	1,218	81	1,267	837	91	715	-	139	3	159
8	चिरांग	2,198	-	2,197	2,039	106	46	-	492	251	360
9	दरांग	2,896	550	3,389	2,335	110	295	-	366	133	274
10	धेमाजी	5,986	1	5,963	4,079	1	1,364	-	1,392	892	249
11	धुबरी	21,136	390	21,189	19,617	561	2,204	-	3,946	2,701	1,923
12	डिब्रूगढ़	5,339	92	5,296	3,436	638	-	-	1,101	568	649
13	दीमा हसाओ	4,047	1,216	4,736	3,460	100	-	-	566	191	861
14	गोलपारा	2,993	626	3,233	2,679	29	479	-	971	296	336
15	गोलाघाट	4,865	154	4,966	3,586	458	215	-	822	422	944
16	हैलाकांडी	3,788	-	3,788	3,583	18	-	-	1,339	547	207
17	होजाई	3,200	214	3,320	2,850	73	927	-	653	310	532
18	जोरहट	3,426	263	3,461	2,634	378	293	-	1,179	183	248
19	कामरूप	2,104	471	2,381	1,817	102	-	-	648	179	299
20	कामरूप मेट्रो	2,759	84	2,795	2,625	257	-	-	299	45	38

21	कार्बी आंगलोंग	14,391	5,973	18,180	13,254	974	-	-	2,622	2,715	3,388
22	करीमगंज	11,333	1,068	11,984	9,819	735	1,693	-	2,933	1,430	2,500
23	कोकराझार	5,413	-	5,399	4,694	658	-	-	1,364	655	672
24	लखीमपुर	4,095	1,402	4,660	3,344	583	856	-	1,043	366	455
25	माजुली	-	1	1	1	-	-	-	-	-	-
26	मारीगांव	3,253	-	3,253	2,819	158	-	-	916	412	117
27	नागांव	7,079	317	7,296	5,736	372	1,009	-	1,007	500	870
28	नलबाड़ी	3,198	434	3,268	2,639	196	140	-	1,139	322	285
29	शिवसागर	1,457	142	1,534	1,202	6	246	-	463	123	109
30	सोनितपुर	16,172	224	16,291	12,856	1,326	213	-	3,146	1,163	2,758
31	दक्षिण सलमारा-मनकाचर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
32	तमुलपुर	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
33	तिनसुकिया	6,124	1,413	6,333	5,569	123	160	-	1,322	771	1,150
34	उदलगुरी	914	-	858	723	-	53	-	136	31	87
35	पश्चिम कार्बी आंगलोंग	1,680	1,578	1,926	1,270	108	-	-	385	172	100
असम के लिए कुल		**1,69,626**	**17,406**	**1,77,887**	**1,44,666**	**9,526**	**13,542**	**-**	**36,483**	**19,542**	**24,134**

क्र. सं.	जिले का नाम	आवासों की भौतिक प्रगति (सं)									
		शुरुआत से				पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक वर्ष के दौरान (वित्त वर्ष 2022-23 से वित्त वर्ष 2024-25 तक)					
		स्वीकृत		शुरू किये गए	पूर्ण/ सौंपे गए	स्वीकृत			पूर्ण/ सौंपे गए *		
		पीएमएवाई-यू	पीएमएवाई-यू2.0			2022-23	2023-24	2024-25	2022-23	2023-24	2024-25
	कर्नाटक										
1	बागलकोट	18,333	-	16,093	14,168	509	866	-	1,769	918	1,578
2	बेल्लारी	22,089	-	17,388	14,214	200	232	-	890	1,031	2,291
3	बेलगावी	41,602	-	31,475	26,031	959	2,375	-	2,317	1,580	3,192
4	बेंगलूरु ग्रामीण	6,902	-	6,113	5,665	162	792	-	405	534	529
5	बेंगलूरु शहरी	1,42,565	-	1,29,978	94,469	1,507	344	-	11,974	5,434	9,407
6	बीदर	13,093	-	10,495	8,832	250	480	-	861	1,375	1,429
7	चामराजनगर	4,764	-	4,619	4,357	139	278	-	537	232	186
8	चिक्काबल्लापुरा	6,015	-	5,320	4,560	67	427	-	298	408	512
9	चिक्कमगलूरु	6,281	-	5,058	3,450	258	297	-	571	320	676
10	चित्रदुर्ग	16,497	-	14,248	10,575	326	215	-	1,240	1,288	1,833
11	दक्षिण कन्नड़	9,422	-	8,877	8,404	612	579	-	849	651	709
12	दावणगेरे	12,755	-	11,771	10,980	533	504	-	1,683	1,361	1,255
13	धारवाड़	22,710	-	19,824	15,980	654	313	-	1,405	664	2,951
14	गदग	15,543	-	13,984	9,977	352	75	-	956	796	1,802
15	हासन	9,122	-	6,602	5,542	504	446	-	939	461	1,013
16	हावेरी	14,566	-	13,799	12,188	471	125	-	1,358	1,602	2,990
17	कलबुर्गी	27,607	-	21,299	18,448	530	334	-	1,341	683	3,103
18	कोडागु	773	-	670	604	12	211	-	38	60	70
19	कोलार	7,892	-	6,967	6,160	127	430	-	583	265	443
20	कोप्पल	9,777	-	8,305	7,703	294	336	-	604	700	1,174
21	मांड्या	5,859	-	5,261	4,409	279	157	-	831	310	132
22	मैसूर	26,378	-	23,911	16,542	736	854	-	1,661	1,071	1,940
23	रायचूर	21,324	-	18,429	14,272	422	1,393	-	1,097	1,271	2,371
24	रामनगर	11,669	-	9,978	7,943	76	288	-	800	810	1,787
25	शिवमोग्गा	17,820	-	13,900	9,763	490	559	-	880	875	1,747
26	तुमकुरु	16,031	-	12,763	10,697	378	813	-	675	467	1,019
27	उडुपी	4,629	-	4,105	3,638	317	300	-	385	117	165
28	उत्तर कन्नड़	12,262	-	10,779	8,339	851	286	-	1,127	1,455	1,831
29	विजयनगर	13,184	-	11,193	10,609	222	1	-	645	1,431	1,697
30	विजयपुरा	30,158	-	25,704	21,798	1,128	314	-	2,796	1,572	1,846
31	यादगीर	10,182	-	9,684	8,941	144	767	-	989	565	838
	कर्नाटक के लिए कुल	**5,77,804**	**-**	**4,98,592**	**3,99,258**	**13,509**	**15,391**	**-**	**42,504**	**30,307**	**52,516**

** इसमें वे आवास शामिल हैं जिनका निर्माण इस वर्ष पूरा हुआ है और जिन्हें पिछले वर्षों में स्वीकृति दी गई थी।*